☎ 0522–2838081, 2838082

मिशन निदेशालय

सबके लिए आवास / एस.एल.एन.ए.-सूडा(उ.प्र.)

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

23, सैक्टर–7, गोमती नगर विस्तार,
(निकट डायल–100) लखनऊ–226010
website-www.sudaup.org
e-mail-hfaup1@gmail.com

प्रधान मंत्री
आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

पत्रांकः– 7303 / 03 / 29 / HFA-DPR/PMC-Vol-VII / 2019–20 दिनांकः–13 जनवरी, 2020

समस्त परियोजना अधिकारी / सहा0 परियोजना अधिकारी
जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा),
उत्तर प्रदेश।

विषयः–**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत डीपीआर / पीएमसी संस्था द्वारा नियुक्त किये गये एम0आई0एस0 मैनेजर के कार्यों के सम्बन्ध में।**

अवगत कराना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत मुख्यालय द्वारा वेब पोर्टल तैयार कराया गया है, जिसमें प्रदेश में बी0एल0सी0 घटक में स्वीकृत आवासों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति डाटा बैंक के माध्यम से संरक्षित किया जा सकें। इस हेतु डीपीआर / पीएमसी संस्थाओं द्वारा मै0 एक्जीम वेन्चर्स लि0 के माध्यम से जनपद स्तर पर एम0आई0एस0 मैनेजर नियुक्त किये गये हैं। जनपद स्तर पर नियुक्त किये गये एम0आई0एस0 मैनेजर द्वारा निम्न कार्य सम्पादित किए जाएंगेः–

1. प्रतिदिन डाटा बैंक में एम0आई0एस0 पोर्टल से अटैचमेन्ट एवं सभी चरणों के जिओ टैग को अपडेट करना।
2. प्रतिदिन एम0आई0एस0 पोर्टल से परियोजनावार, लाभार्थीवार एवं निकायवार रिपोर्ट तैयार करना।
3. प्रतिदिन जी0आई0एस0 पोर्टल से स्वीकृत एवं लम्बित जिओ टैग की रिपोर्ट तैयार करना।
4. प्रतिदिन रूफ लेवल जिओ टैग एवं रूफ कास्टिंग रिपोर्ट के मध्य अन्तर की मॉनिटरिंग करना।
5. साप्ताहिक रूप से परियोजनावार वित्तीय प्रगति को डाटा बैंक में अपडेट करना।
6. साप्ताहिक रूप से परियोजनावार भौतिक प्रगति को एम0आई0एस0 एवं जी0आई0एस0 पोर्टल से डाटा बैंक के माध्यम से सूडा पोर्टल पर अपडेट करना।
7. प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में परियोजनावार मासिक प्रगति रिपोर्ट (भौतिक एवं वित्तीय प्रगति) भारत सरकार के एम0आई0एस0 पोर्टल पर अपलोड करना।
8. प्रतिदिन सर्वेयरो द्वारा सूडा वेब पोर्टल पर अपलोड किये गये पूर्ण आवासों की फोटो एवं लाभार्थियों की पत्रावलियों की जांच कर मॉडरेट (स्वीकृत एवं निरस्त) करना।

क्रमशः......2 पर

उपरोक्त के अतिरिक्त एम0आई0एस0 पोर्टल पर समय–समय पर होने वाले कार्यो जैसे–डेथ केस, डुप्लीकेट बैनिफिशियरी डिलीशन, यू0सी0 मॉडयूल अपडेट, आधार अपडेट आदि का निष्पादन भी एम0आई0एस0 मैनेजर द्वारा ही किया जाएगा।

यह भी संज्ञान में आया है कि कतिपय जनपदों में मै0 एक्जीम वेन्चर्स लि0 के माध्यम से नियुक्त किये गये एम0आई0एस0 मैनेजर से डाटा एन्ट्री एवं जिओ टैग मॉडरेशन का कार्य कराया जा रहा है, जो कि पूर्णतया अनुचित है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

12/1/2020

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक (एचएफए)/
निदेशक, सूडा।

<u>प्रतिलिपिः–</u>

1. समस्त डीपीआर/पीएमसी कन्सलटेन्ट्स को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ।

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक (एचएफए)/
निदेशक, सूडा।